SAI
भारतीय खेल प्राधिकरण
SPORTS AUTHORITY OF INDIA

**भारतीय खेल प्राधिकरण**
**नराकास सचिवालय**
**दक्षिण दिल्ली – 2**

फा.सं : भाखेप्रा/नराकास/3093/2026-27/764 दिनांक : 14.08.2026

सेवा में,

प्रभारी निदेशक, (संस्थान)
केन्द्रीय आयुर्वेद अनुसंधान संस्थान,
पंजाबी बाग )पश्चिम(, रोड नं .66,
नई दिल्ली –110026

**विषय : 01 अक्टूबर,2025 से 31 मार्च, 2026 तक की छमाही रिपोर्ट – समीक्षा।**

महोदय,

कृपया अपने कार्यालय से प्राप्त छमाही प्रगति रिपोर्ट का संदर्भ ग्रहण करें। नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति दक्षिण दिल्ली – 2 का अध्यक्ष कार्यालय होने के नाते आपके कार्यालय से प्राप्त उपरोक्त अवधि की रिपोर्ट की समीक्षा सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित की जा रही है :

1. **रिपोर्ट की मद संख्या 1** के अनुसार राजभाषा अधिनियम 1963 की धारा 3(3) के अंतर्गत आपके कार्यालय से सभी 952 प्रलेखों द्विभाषीय रूप में निर्गत किए गए। कृपया भविष्य में भी राजभाषा अधिनियम 1963 की धारा 3(3) का अनुपालन सुनिश्चित करें।
2. **रिपोर्ट की मद संख्या 2** के अनुसार कार्यालय में प्राप्त हुए 324 हिन्दी पत्रों में से 276 पत्रों का उत्तर हिन्दी में दिया गया है तथा 48 पत्रों का उत्तर दिया जाना अपेक्षित नहीं था। कार्यालय में राजभाषा नियम-5 का पूर्ण अनुपालन सराहनीय है। आपसे अनुरोध है कि उत्तर नहीं दिए जाने वाले अपेक्षित पत्रों की पावती भेजें।
3. **रिपोर्ट की मद संख्या 3** के अनुसार 'क' क्षेत्र से अंग्रेजी में प्राप्त हुए 619 कुल पत्रों में से 571 पत्रों का उत्तर हिन्दी में और 16 पत्रों का उत्तर अंग्रेजी में तथा 32 पत्रों का उत्तर दिया जाना अपेक्षित नहीं था। चूंकि आपका कार्यालय 'क' क्षेत्र में स्थित होने के कारण सभी पत्रों का उत्तर उत्तर हिन्दी में दें और उत्तर नहीं दिए जाने वाले अपेक्षित पत्रों की पावती भेजे।
4. **रिपोर्ट की मद संख्या 4** के अनुसार आपके कार्यालय से 'क' क्षेत्र के साथ 98.33% पत्र व्यवहार हिन्दी में किया गया है आप अपने लक्ष्य शत प्रतिशत (100%) बिल्कुल करीब है। रिपोर्ट के अनुसार 'ख' क्षेत्र तथा 'ग' क्षेत्र में 100% पत्र व्यवहार राजभाषा हिन्दी में किया गया है। आपके कार्य की सरहाना की जाती, कृपया वार्षिक कार्यक्रम में 'क' क्षेत्र के लिए निर्धारित लक्ष्य को यथाशीघ्र प्राप्त करने का प्रयास करें और 'ख' एवं 'ग' क्षेत्रों के शत प्रतिशत लक्ष्यों को भविष्य में भी बनाएं रखें।

5. **रिपोर्ट की मद संख्या 5** के अनुसार आपके कार्यालय से कुल 1106 टिप्पणियों में से 1077 टिप्पणियाँ हिन्दी में और 29 टिप्पणियाँ अंग्रेजी में की गई जो राजभाषा प्रभाग, गृह मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा निर्गत वार्षिक कार्यक्रम के 80 प्रतिशत के निर्धारित लक्ष्य को प्राप्त कर लिया है जो कि सराहनीय है। आपसे अपेक्षा है कि भविष्य में इसमें बढ़ोतरी कर शत प्रतिशत करना सुनिश्चित करेंगे।
6. आपके कार्यालय द्वारा इस अवधि के दौरान 02 हिन्दी कार्यशालाएं आयोजित की गई है जो कि सराहनीय है। कार्यशालाओं में प्रशिक्षित सभी 96 कार्मिकों को हिन्दी राजभाषा प्रयोग में अभ्यस्त रखने के उद्देश्य से उनसे हिन्दी पत्राचार का कार्य भी लिया जाए।
7. आपके कार्यालय में राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठको का आयोजन नियमित रूप से किया जा रहा है। बैठक में लिए गए निर्णयों के संदर्भ में निर्गत किए गए कार्यवृत्त की प्रति भी इस कार्यालय को भेजने की कृपा करें।

अनुरोध है कि कार्यालयों में राजभाषा नीति कार्यान्वयन की दृष्टि से की गई समीक्षा के संदर्भ में आपके कार्यालय स्तर पर की गई सकारात्मक कार्रवाई से इस कार्यालय को भी अवगत करवाएं।

इसे सक्षम प्राधिकारी, भारतीय खेल प्राधिकरण के अनुमोदन से निर्गत किया जाता है।

सादर,

गीता पाराशर
14/08/26

**(डॉ. गीता पाराशर)**
**निदेशक/प्रभारी (राजभाषा)**

फा.सं : भाखेप्रा/नराकास/3093/2026-27 दिनांक :14.08.2026

प्रतिलिपि :

1. महानिदेशक, भाखेप्रा का कार्यालय
2. सचिव, भाखेप्रा का कार्यालय
3. कार्यकारी निदेशक (राजभाषा)
4. सहायक निदेशक (कार्यान्वयन), उत्तरी क्षेत्रीय कार्यान्वयन, राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय, भारत सरकार, तृतीय तल, त्रिकुट – II, भीकाजी कामा प्लेस, आर.के.पुरम, नई दिल्ली – 110066
5. मास्टर फाइल

गीता पाराशर
14/08/20

**(डॉ. गीता पाराशर)**
**निदेशक/प्रभारी (राजभाषा)**